# यूपीईएस ने फ्यूचरलर्न के साथ एमओयू साइन



**DEHRADUN (2 Feb):** यूपीईएस ने फ्यूचरलर्न के साथ साझेदारी करते हुए एमओयू साइन किया. फ्यूचरलर्न एक वैश्विक ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म है. फ्यूचरलर्न नवीन और लचीले शैक्षिक कार्यक्रम प्रदान करता है जो विभिन्न शिक्षण आवश्यकताओं के अनुरूप होते हैं. इस साझेदारी से यूपीईएस समुदाय हजारों विशेषज्ञ-निर्देशित पाठ्यक्रमों, माइक्रोक्रेडेंशियल्स, ऑनलाइन डिग्रियों, एक्सपर्टट्रैक्स और कॉर्पोरेट प्रशिक्षण समाधानों से जुड़ सकेगा. जिससे उन्हें न्यू एजुकेशन और कौशल प्राप्त करने में मदद मिलेगी. यूपीईएस के कुलपति, डॉ. राम शर्मा ने कहा कि यूपीईएस में सीखने की संस्कृति को विकसित करने और सर्वोत्तम शैक्षिक संसाधनों से सशक्त बनाने के लिए कार्य कर रहा है. फ्यूचरलर्न के कार्यकारी अध्यक्ष जॉनसन ने कहा कि सभी के लिए उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा को सुलभ बनाने के हमारे साझा मिशन में यूपीईएस के साथ भागीदारी करके प्रसन्न हैं. हम भारत भर के स्टूडेंट को कौशल और ज्ञान प्रदान करने का लक्ष्य रखते हैं. जिसकी उन्हें तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य में सफल होने के लिए आवश्यकता है.